# प्रेस नोट जनपद खीरी

**दिनाँक 20.09.2025**

**पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध नियंत्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा निम्न कार्यवाही की गयी।**

## सीडीओ खीरी एवं पुलिस अधीक्षक खीरी की अध्यक्षता में तहसील सदर में “सम्पूर्ण समाधान दिवस” का किया गया आयोजन; फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया



आज दिनांक 20.09.2025 को जनपद के प्रत्येक तहसील स्तर पर “सम्पूर्ण समाधान दिवस” का आयोजन किया गया। सीडीओ खीरी महोदय व पुलिस अधीक्षक खीरी महोदय द्वारा तहसील सदर पर उपस्थित रहकर "सम्पूर्ण समाधान दिवस" की अध्यक्षता की गई। इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने तथा जिन प्रार्थना पत्रो का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर सम्बन्धित से समन्वय स्थापित कर समय से निस्तारण किये जाने के लिए निर्देशित किया गया।
इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने सर्किल की तहसील मुख्यालय में उपस्थित रहकर जनशिकायतों का निस्तारण कराया गया।

**थाना मैगलगंज पुलिस द्वारा, 01 नफर वारण्टी अभियुक्त गुड्डू उर्फ अरविन्द कुमार उर्फ मुलई मिश्रा पुत्र नवनीश मिश्रा को गिरफ्तार किया गया**



पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी मितौली के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक थाना मैगलगंज के नेतृत्व में आज दिनांक-20.09.2025 को थाना मैगलगंज पुलिस द्वारा, मु0सं0 1203/17 अ0सं0 938/05 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में वारण्टी अभियुक्त गुड्डू उर्फ अरविन्द कुमार उर्फ मुलई मिश्रा पुत्र नवनीश मिश्रा निवासी लिधियाई थाना मैगलगंज जनपद खीरी को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्त का विवरण-**

गुड्डू उर्फ अरविन्द कुमार उर्फ मुलई मिश्रा पुत्र नवनीश मिश्रा निवासी लिधियाई थाना मैगलगंज जनपद खीरी

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.उ0नि0 कालीचरन यादव थाना मैगलगंज जनपद खीरी
2.हे0का0 कृष्ण कुमार थाना मैगलगंज जनपद खीरी
3.का0 नितिन कुमार थाना मैगलगंज जनपद खीरी

# थाना फरधान पुलिस द्वारा, 02 नफर वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया



पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक थाना फरधान के नेतृत्व में आज दिनांक-20.09.2025 को थाना फरधान पुलिस द्वारा, थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0सं0 320/2024 धारा 137(2)/87/70(1)/351(3) बीएनएस व 5(j)(2)/6 पाक्सो एक्ट में 01 नफर वांछित अभियुक्तों 1.राहुल वर्मा पुत्र रामकिशोर वर्मा 2.हिमांशु वर्मा पुत्र रामकिशोर वर्मा निवासीगण लखहा थाना नीमगांव जनपद खीरी हाल पता ग्राम डिहुआ मजरा पिपराछींट थाना फरधान जनपद खीरी को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तोम का विवरण-**

1.राहुल वर्मा पुत्र रामकिशोर वर्मा निवासी लखहा थाना नीमगांव जनपद खीरी हाल पता ग्राम डिहुआ मजरा पिपराछींट थाना फरधान जनपद खीरी

2.हिमांशु वर्मा पुत्र रामकिशोर वर्मा निवासी लखहा थाना नीमगांव जनपद खीरी हाल पता ग्राम डिहुआ मजरा पिपराछींट थाना फरधान जनपद खीरी

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर द्विवेदी थाना फरधान जनपद खीरी

2.हे0का0 अरूण कुमार गिरी थाना फरधान जनपद खीरी

3.हे0का0 राजवली यादव थाना फरधान जनपद खीरी

4.हे0का0 धर्मेन्द्र कुमार थाना फरधान जनपद खीरी

**थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा, 01 नफर वारण्टी अभियुक्त अनिल कुमार पुत्र झाऊलाल को गिरफ्तार किया गया**



पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी गोला के कुशल मार्गदर्शन में एवं थानाध्यक्ष हैदराबाद के नेतृत्व में आज दिनांक- 20.09.2025 को थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा, मु0सं0 893/18 धारा 323/504/506 भादवि में वारण्टी अभियुक्त अनिल कुमार पुत्र झाऊलाल निवासी ग्राम गोबरा चाट थाना हैदराबाद जनपद खीरी को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्त का विवरण-**

अनिल कुमार पुत्र झाऊलाल निवासी ग्राम गोबरा चाट थाना हैदराबाद जनपद खीरी

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.उ0नि0 खेमेन्द्र कुमार थाना हैदराबाद  जिला खीरी

2.का0 सजीव कुमार थाना हैदराबाद खीरी

3.का0 प्रेमशंकर थाना हैदराबाद जिला खीरी

# **थाना खीरी पुलिस द्वारा, 03 नफर वांछित अभियुक्त/अभियुक्ताओं को गिरफ्तार किया गया**

पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल मार्गदर्शन में एवं थानाध्यक्ष खीरी के नेतृत्व में आज दिनांक- 20.09.2025 को थाना खीरी पुलिस द्वारा, थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0सं0 664/2025 धारा 137(2)/87/61 बीएनएस में 03 नफर वांछित अभियुक्त/अभियुक्ताओं 1.विशाल पुत्र रमेश निवासी ग्राम लगुचा थाना व जनपद खीरी 2.आरती पत्नी कमल किशोर निवासी ग्राम उदमपुर महेवा राज पैलेस के आगे थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी 3.राधा पत्नी विपिन शर्मा निवासी ग्राम हरौआ थाना व जनपद खीरी को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-**

1.विशाल पुत्र रमेश निवासी ग्राम लगुचा थाना व जनपद खीरी
2.आरती पत्नी कमल किशोर निवासी ग्राम उदमपुर महेवा राज पैलेस के आगे थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी
3.राधा पत्नी विपिन शर्मा निवासी ग्राम हरौआ थाना व जनपद खीरी

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.म0उ0नि0 अर्पिता शुक्ला थाना व जनपद खीरी
2.म0का0 वन्दना थाना व जनपद खीरी
3.का0 अंकित सिंह थाना व जनपद खीरी
4.का0 सतेन्द्र सिंह थाना व जनपद खीरी

# थाना मैलानी पुलिस द्वारा, अवैध तमंचा-कारतूस बरामद कर अभियुक्त पुष्पेन्द्र कुमार पुत्र आशाराम को गिरफ्तार किया गया




पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी गोला के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक थाना मितौली के नेतृत्व में आज दिनांक-20.09.2025 को थाना मितौली पुलिस द्वारा, 01 नफर अभियुक्त पुष्पेन्द्र कुमार पुत्र आशाराम निवासी ग्राम असौवा थाना मैलानी जनपद खीरी को एक अदद अवैध देशी तमंचा 12 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना मैलानी पर मु0अ0सं0 374/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

पुष्पेन्द्र कुमार पुत्र आशाराम निवासी ग्राम असौवा थाना मैलानी जनपद खीरी

**बरामदगी का विवरण-**

01 अदद अवैध तमंचा 12 बोर
01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1.उ0नि0 ब्रजमोहन सैनी प्रभारी चौकी संसारपुर थाना मैलानी जनपद खीरी
2.हे0का0 अमरीश पटेल थाना मैलानी जनपद खीरी
3.का0 दिनेश कुमार थाना मैलानी जनपद खीरी
4.का0 शिवओम थाना मैलानी जनपद खीरी

# थाना तिकुनियां पुलिस द्वारा, जुआ खेलते हुए 06 नफर अभियुक्तों को ताश के पत्ते व कुल 92500/- रुपये तथा एक अदद मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया




पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी निघासन के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक थाना तिकुनियां के नेतृत्व में आज दिनांक- 20.09.2025 को थाना तिकुनियां पुलिस द्वारा, 06 नफर अभियुक्तों को जुआ खेलते हुए 52 अदद ताश के पत्ते व कुल 92500/- रु0 तथा एक अदद मोटरसाइकिल बरामद कर गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के संबंध में थाना तिकुनियां पर मु0अ0सं0-210/2025 धारा 13 सार्वजनिक जुआं अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-**

1.कुशल अग्रवाल उर्फ टाइगर पुत्र हंसराज अग्रवाल निवासी कस्बा व थाना तिकुनियां जनपद खीरी
2.आकर्ष गुप्ता पुत्र स्व0 सन्तोष गुप्ता निवासी कस्बा व थाना तिकुनियां जनपद खीरी
3.महेश अग्रवाल पुत्र सीताराम अग्रवाल निवासी कस्बा व थाना तिकुनियां जनपद खीरी
4.दुर्वेश शुक्ला पुत्र मुन्नालाल शुक्ला निवासी मलूही सरैया थाना कोतवाली देहात जनपद सीतापुर
5.मुरारी प्रसाद पुत्र चौधरी प्रसाद निवासी कस्बा व थाना तिकुनियां जनपद खीरी
6.शुभम गर्ग पुत्र शिवकुमार गर्ग निवासी कस्बा व थाना तिकुनियां जनपद खीरी

**बरामदगी का विवरण-**

52 अदद ताश के पत्ते
कुल 92500/- रुपये
एक अदद मोटरसाइकिल

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1.उ0नि0 प्रेमचन्द गौतम थाना तिकुनियां जनपद खीरी
2.का0 विवेक कुमार थाना तिकुनियां जनपद खीरी
3.का0 नवनीत कुमार थाना तिकुनियां जनपद खीरी
4.का0 जयदीप सिंह थाना तिकुनियां जनपद खीरी
5.का0 गौरव थाना तिकुनियां जनपद खीरी

# थाना निघासन पुलिस द्वारा, 01 नफर वारण्टी अभियुक्त विनोद पुत्र मुन्ना को गिरफ्तार किया गया




पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी निघासन के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक थाना निघासन के नेतृत्व में आज दिनांक-20.09.2025 को थाना निघासन पुलिस द्वारा, मु0सं0 212/2010 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में 01 नफर वारण्टी अभियुक्त विनोद पुत्र मुन्ना निवासी ग्राम खैरहनी थाना निघासन जनपद खीरी को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्त का विवरण-**

विनोद पुत्र मुन्ना निवासी ग्राम खैरहनी थाना निघासन जनपद खीरी

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.उ0नि0 राजेन्द्र कुमार तिवारी थाना निघासन जनपद खीरी
2.हे0का0 मनीष मिश्रा थाना निघासन जनपद खीरी
3.का0 अंकित थाना निघासन जनपद खीरी

# मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 का शुभारंभ







आज दिनांक 20.09.2025 को शासन की मंशा के अनुसार मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान क्रम के पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा के निर्देशन में जनपद खीरी के समस्त थानों पर मिशन शक्ति केंद्रो का शुभारंभ किया गया है।

वर्ष 2020 में महिला सुरक्षा अभियान के प्रथम चरण में महिलाओं के लिए प्रत्येक थाने में महिला हेल्प डेस्क की स्थापना कराते हुए क्रियाशील किये गये थे। महिला हेल्प डेस्क का दायरा बढ़ाते हुए पुलिस थाने में महिला पीड़िता के आगमन से लेकर पुनः मानसिक एवं शारीरिक रूप से पूर्णतः सशक्त होने तक 360° काउन्सलिंग, मार्गदर्शन, सहयोग और संरक्षण सम्बन्धी सेवायें प्रदान करने हेतु एकल सम्पर्क बिन्दु की तरह कार्य करने हेतु महिलाओं के लिए समर्पित प्रदेश के प्रत्येक थाना परिसर के अन्दर मिशन शक्ति केन्द्र स्थापित किये जा रहे हैं। नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित "मिशन शक्ति-5.0" का शुभारम्भ लोक भवन सभागार, लखनऊ में माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर इस उद्घाटन समारोह का लाइव प्रसारण जनपद उन्नाव में भी बड़े उत्साह के साथ देखा गया। पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा के निर्देशन में पुलिस लाईन खीरी सभागार में समस्त पुलिस कर्मियों द्वारा एकत्र होकर उक्त कार्यक्रम का सामूहिक अवलोकन किया गया। इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों में पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण एकत्र होकर कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। थाने में स्थापित मिशन शक्ति केंद्र, पुलिस चौकियों की भांति महिला शिकायतकर्ताओं / पीड़िताओं के लिए कार्य सम्पादित तथा इस केन्द्र में नियुक्त निरीक्षक/उपनिरीक्षक, महिला सम्बन्धी अपराधों की आवंटित महत्वपूर्ण अभियोगों की विवेचना भी करेंगे। मिशन शक्ति केंद्र में महिला सुरक्षा केन्द्र में महिला हेल्प डेस्क को समाहित करते हुए मूलभूत सुविधाओं जैसे फर्नीचर, वाटर डिस्पैन्सर, अलमारी, कम्प्यूटर, प्रिन्टर, आवश्यक अभिलेख / रजिस्टर, मूलभूत स्टेशनरी, महिलाओं के लिए टॉयलेट की समुचित व्यवस्था, सी0सी0टी0वी0 कैमरा, एवं अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध करायी गयी है। कार्यक्रम उपरांत जनपद खीरी के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा यह संकल्प लिया गया कि महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी तथा समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय सहभागिता से मिशन शक्ति अभियान को सफल बनाया जाएगा।

## **अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही; विगत 24 घंटे में 98 लीटर अवैध शराब बरामद कर 09 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया**

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संकल्प शर्मा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत विगत 24 घंटों में जनपद खीरी के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए **98 लीटर अवैध कच्ची शराब** बरामद कर **09 नफर** अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत **09 अभियोग** पंजीकृत किये गये।